


Time 1 1/2 hrs | **HINDI** | Total Score : 40

**भाग I**

**A. सूचना: 1 से 6 तक किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखें। प्रत्येक के लिए 1 अंक है।** **(4 x 1 = 4)**

**1.** " साहिल बुरी तरह डर गया था।" - इसका कारण है.........।

- माटसाब बेला के बालों में पंजा फँसाने से ।
- बेला के भयभीत चेहरे को देखकर ।
- कॉपी को बैठने की जगह पर फेंकने से ।
- बेला के पाँव काँपने से ।

**2.** " धूल भरी तेज़ हवाएँ "- इसमें विशेषण शब्द है .........।

( धूल, हवाएँ, तेज़, चल )

**3.** "लोहा लेना" - का मतलब कोष्ठक से चुनकर लिखें ।

( सामना करना, पराजित करना, कुचल देना, घिर जाना)

**4.** छोटू उर्फ 'कलाम' झट से <u>उनकी</u> बोली सीख जाता है ।

" उनकी" में निहित सर्वनाम और प्रत्यय का सही रूप है ........।

( वह +की, यह +की, ये + की, वे +की)

**5.** "एकाएक ठाकुर साहब का दरवाज़ा खुल गया ।" प्रेमचंद ने इसकी तुलना किससे किया ?

( शेर के मुँह से , हाथी के मुँह से , गाय के मुँह से , कुत्ते के मुँह से )

**6.** नमूने के अनुसार वाक्य की पूर्ति करें ।

जोखू पानी <u>लाएगा</u> । गंगी पानी <u>लाएगी</u>

लोग कुएँ पर <u>आएँगे</u> । स्त्रियाँ कुएँ पर .......... ।

**B. 7 से 9 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें। प्रत्येक के लिए 1 अंक है।** **(3 x 1 = 3)**

**सूचनाः " हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था" । कविता की ये पंक्तियाँ पढें और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें।**

हम दोनों साथ चले
दोनों एक दूसरे को नहीं जानते थे
साथ चलने को जानते थे ।

**7.** यहाँ "हम दोनों" का मतलब है ..............।

- नरेश सक्सेना और हताश व्यक्ति।
- कवि और हताश व्यक्ति
- हताश व्यक्ति और उसका मित्र
- कवि और नरेश सक्सेना

**8.** बुरॉस के फूलों का रंग है .........।

( पीला, नीला, लाल, भूरा)

**9.** " दिशाहीन दिशा" पाठ के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- अविनाश हिंदी ग़ज़लों की रचना करता है।
- अविनाश भोपाल ताल में नाव चलाता है।
- अविनाश रेलवे स्टेशन पर काम करता है।
- अविनाश हिंदी दैनिक का संपादन करता है।

## भाग II

**A. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें। 2 अंक है। (1 x 2 = 2)**

**10.** कोष्ठक के शब्दों से **वाक्य पिरामिड़** की पूर्ति करें।

( टूटे, साहिल की )

स्टूल की एक कील लग गई।

स्टूल की एक कील पिंडली में लग गई।

.........................................................................।

.....................................................................................।

**B. 11 से 12 तक किसी एक प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक हैं। (1 x 2 = 2)**

**11.** "बसंत मेरे गाँव का"- पाठ के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- टोकरियों को रात भर आँगन में रखा जाता है।
- बसंत फूलदेई का त्यौहार लेकर आता है।
- खेतों में सरसों की हरियाली पसर जाती है।
- अंतिम दिन सामूहिक भोज बनाया जाता ह ।

**12.** अविनाश ने झट से अपना कोट उतारकर अब्दुलजब्बार को दे दिया। यहाँ अविनाश का कौन सा मनोभाव प्रकट होता है ?

## भाग III

**A. 13 से 16 तक के किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें। प्रत्येक के लिए 3 अंक हैं। (3 x 3 = 9)**

**13.** "आई एम कलाम के बहाने" लेख के आधार पर सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| स्कूल के पंद्रह किलोमीटर दूर से | कलाम को अपने साथ दिल्ली लेकर जाएँगी । |

| | |
|---|---|
| मोरपाल को रविवार की छुट्टी का दिन | साईकिल चलाता रोज़ स्कूल आता था। |
| लूसी मैडम वादा करती है कि | हफ्ते का सबसे बुरा दिन था। |

**सूचनाः " टूटा पहिया" कविता के आधार पर ये किन - किनके प्रतिनिधित्व करते हैं। तालिका की पूर्ति करें।**

**14.**

| प्रतीक | किसका प्रतिनिधित्व करता है। |
|---|---|
| टूटा पहिया | ............................................ |
| ............................. | शोषक वर्ग |
| चक्रव्यूह | ............................................. |

**सूचना: "अकाल और उसके बाद"- कविता की ये पंक्तियाँ पढें।**

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास

कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास

कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त

कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त

**15.** इस कवितांश का आशय लिखें।

**16.** " ठाकुर का कुआँ" कहानी के आधार पर सही प्रस्तावों को चुनकर लिखें।

- जोखू कई दिन से बीमार है।
- साहू का कुआँ गॉव के पास है।
- खराब पानी से बीमारी बढ़ जाएगी।
- ठाकुर कुएँ पर पानी भरने आता है।
- जोखू मैला-गंदा पानी पी रहा था।

**B. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें। 3 अंक है। (1 x 3 = 3)**

**सूचना: "हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था", कविता की टिप्पणी के आधार पर प्रश्न 17 का उत्तर लिखें।**

व्यक्ति को मैं नहीं जानता था, हताशा को जानता था कहते ही वे जानने की हमारी उस जानी पहचानी रुढि को तोड़ देते हैं जो व्यक्ति के नाम, पते, उम्र, ओहदे या जाति से जानने को जोड़ती है। यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते।

**17. व्यक्ति को जानने के असली आधार क्या-क्या है?**

**भाग IV**

**A. 18 से 20 तक किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें। प्रत्येक के लिए 4 अंक हैं। (2 x 4 = 8)**

**सूचना: बीर बहूटी कहानी का यह अंश पढें और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| बेला का मन बहुत खराब हो गया, मात्साब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहित की नज़र में बहुत अच्छी है। जब वह उसके पास आकर बैठी उससे नजर नहीं मिला पाई । |

**18.** बेला के उस दिन की **डायरी** लिखें।

**सूचना: " ठाकुर का कुआँ " कहानी यह अंश पढें ।**

| |
|---|
| गंगी ने पानी न दिया । वह बोली -" यह पानी कैसे पिओगे ? न जाने कौन जानवर मरा है । कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ ।" जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा -" पानी कहाँ से लाएगी ?" " ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे ?" हाथ-पाँव तुडवा आएगी और कुछ न होगा । बैठ चुपके से।" |

**19.** कहानी के इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें ।

**सूचना: " सबसे बडा शो मैन" जीवनी का यह अंश पढें।**

| |
|---|
| गाते-गाते अचानक माँ की आवाज फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गई । लोगों को लगा कि माइक में कुछ खराबी आ गई है, पर फुसफुसाहट ज़ारी थी। लोग चिल्लाने लगे। कहीं से कुछ लोग म्याऊँ - म्याऊँ की आवाज़ निकालने लगे। इस अभद्र शोर ने माँ को स्टेज से हटने को मज़बूर कर दिया। |

20. चार्ली की माँ उस दिन का अपना अनुभव बताते हुए सहेली को पत्र लिखती है। माँ का **पत्र** तैयार करें ।

**B. 21 से 22 तक किसी एक प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 4 अंक हैं। (1 x 4 = 4)**

**21. सूचना: " बसंत मेरे गाँव का" लेख के आधार पर संबंध पहचानकर सही मिलान करें ।**

| | |
|---|---|
| सुबह बच्चों की टोलियाँ | इक्कीस दिन तक इकट्ठा की जाती है। |
| फूलदेई के विदाई के साथ | गॉव भर में घूमती है । |
| फूलों से भरी टोकरियों को | बसंत का उत्सव समाप्त हो जाता है । |
| दक्षिणा में मिली सामग्री | पानी से भरी गागरों के ऊपर रखता है । |

**22. सूचना: " दिशाहीन दिशा" यात्रावृत्त के बूढ़े मल्लाह अब्दुल जब्बार का व्यक्तित्व बडा प्रभावशाली है। नीचे दिए सूचनाओं के आधार पर *अब्दुल जब्बार के चरित्र पर टिप्पणी* लिखें।**

- गरीब
- परिश्रमी
- सादा जीवन बितानेवाला
- विनयशील
- ग़ज़ल गायक

**भाग V**

**A. 23 से 24 तक किसी एक प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक हैं। (1 x 5 = 5)**

**23.** चार्ली चैप्लिन विश्व के बड़े कलाकारों में एक है । आपके स्कूल में उनकी फिल्मों का प्रदर्शन होनेवाला है। इसकी सूचना देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें ।

**सूचना: " आई एम कलाम के बहाने" लेख का यह अंश पढें।**

फिल्म में इन दोनों बच्चों की पहली मुलाकात के वक्त के संवाद भी बडे मज़ेदार है और खास इशारा भी करते हैं।

**कलाम : इतनी सारी किताबें! काए की हैं ?**

**रणविजय :**

**24.** कलाम और रणविजय के बीच का **वार्तालाप** लिखें।